जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा-2/गोप0/2016/1696 दिनांक : 22.09.2016

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बंधित शासकीय/अशासकीय/अनुदान प्राप्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय,
ग्वालियर (म0प्र0)

विषयः- विश्वविद्यालय द्वारा **षष्ठम सेमेस्टर (ए0टी0के0टी0) "विशेष परीक्षा" परीक्षा जून 2016 में पूर्व के ए0टी0के0टी0 के छात्रों को सम्मिलित किये जाने के सम्बंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयांतर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा शासन के आदेशानुसार षष्ठम सेमेस्टर (ए0टी0के0टी0) की **"विशेष परीक्षा"** आयोजित की जा रही है। जिसमें विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त सम्बंधित महाविद्यालयों के छात्रों हेतु विशेष परीक्षा के आवेदन पत्र भराये जाने की ऑनलाईन अधिसूचना को वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है। किन्तु कुछ छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर यह सूचित किया गया है कि उनकी पिछले प्रथम से पंचम सेमेस्टर में एटीकेटी होने के कारण महाविद्यालय द्वारा षष्ठम सेमेस्टर की ए0टी0के0टी0 का परीक्षा आवेदन पत्र जमा नहीं किया जा रहे हैं।

अतः समस्त महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि **यदि पिछले प्रथम से पंचम सेमेस्टर में छात्र की ए0टी0के0टी0 दर्शायी गई है, तब भी वह षष्ठम सेमेस्टर ए0टी0के0टी0 "विशेष परीक्षा" में बैठन की पात्रता रखता है।** इसके साथ महाविद्यालय यह भी ध्यान रखे कि **यदि किसी छात्र की प्रथम से पंचम सेमेस्टर तक 04 विषय से ज्यादा विषय में ए0टी0के0टी0 होती है तो वह छात्र उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता नही रखता है।** कृपया छात्र की पात्रता जॉच कर ही षष्ठम सेमेस्टर की ए0टी0के0टी0 का परीक्षा आवदेन पत्र विश्वविद्यालय में प्रेषित करें। यदि किसी छात्र की प्रथम से पंचम सेमेस्टर में 04 से ज्यादा विषय में ए0टी0के0टी0 पाई जाती है तो उस छात्र का परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय निरस्त कर महाविद्यालय के विरूद्ध कार्यवाही हेतु बाध्य होगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।

कृपया परीक्षा कार्य में सहयोग प्रदान करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. **कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।**
2. **कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।**

उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)